तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.02.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता निगराकार अनुपस्थित। रूक–रूक कर तीन चार बार आवाजें लगवाई गई फिर भी निगराकार तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। विपक्षीगण की तामील भी शेष है। अधिवक्ता निगराकार ने प्रकरण प्रस्तुत/दर्ज करने की दिनांक 14.10.2021 के पश्चात् आदिनांक तक विपक्षीगण की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किए हैं। अधिवक्ता निगराकार प्रकरण में दिनांक 20.05.2022 से लगतार अनुपस्थित चल रहे हैं तथा पेशी दिनांक 03.11.2022 को उनके अनुपस्थित रहने पर उन्हें न्यायहित में अन्तिम अवसर देते हुए निर्देशित किया था कि आगामी पेशी पर उनके अनुपस्थित रहने पर प्रकरण खारिज करने की कार्यवाही की जावेगी उसके पश्चात् भी अधिवक्ता निगराकार अनुपस्थित रहे तथा आज भी उपसिथत नहीं हुए हैं। अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। पुनः रूक–रूक कर आवाजें लगवाई गई पर उपस्थित नहीं। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	